सोमवार
34 साल से देहरादून का विश्वास
02 मार्च 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 38
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# बुरा ना मानो होली है!

## होली पर राजनीतिक दलों के मिलन समारोहों का सच

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। चुनावी साल में नेता कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहते हैं। खासकर जब होली का समय हो, तब नेताओं को मौका मिल जाता है कि हम एक है और हमने कोई मनमुटाव नहीं है अर्थात 'सब ठीक है' का दिखावा तो जरूरी हो जाता है।

बता दें कि प्रदेश में होली मिलन समारोहों की धूम मची है। खासकर राजनैतिक दलों के कार्यालय, नेताओं के आवास, नेताओं के अपने आफिस और हर उस छोट-बडेघ् कार्यक्रमों में सब ठीक है का दिखावा चल रहा है। सालभर तक मनमुटाव, ईईर्ष्या या रंजिशों के चलते जो एक-दूसरे की टांग खिचाई पर लगे रहते हैं और एक दूसरे पर कीचड़ उछालने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ते हैं होली के बहाने आयोजित समारोहों में 'एका' का संदेश देना चाहते हैं। लेकिन हकीकत क्या है यह होली के बाद सभी को दिख जात है।

वैसे भी होली तो सामाजिक समरसता और प्रेम का संदेश देने वाला पर्व है और इस समय नेताओं ने अगर मौके का फायदा नहीं उठाया तो वह नेता भी किस काम का। प्रदेश में भाजपा, कांग्रेस, यूकेडी, सपा, बसपा, आप सहित सभी पार्टियों के कार्यालयों और नेताओं के अपने आफिसों में होली मिलन समारोहों का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी नेता किसी भी परिस्थिति में सब ठीक है के फार्मूले के तहत जनता को यह विश्वास दिखना चाहते हैं कि हम ही आपके सबसे बड़े शुभचिंतक है। क्योंकि चुनावी साल है और जनता को नाराज करने का मतलब अपने लिए मुसीबत का पहाड़ खड़ा करना है।

आपको बता दें कि नेताओं ने अलग-अलग स्थानों पर होली मिलन



● मिलन समारोहों में पार्टी नेता जमकर उड़ा रहे हैं अबीर गुलाल
● रंग लगाकर एक दूसरे को दे रहे हैं नेता होली की शुभकामनाएं
● सालभर एक-दूसरे को गलियाने वाले लग रहे हैं आपस में गले

समारोह आयोजित कर लोगों को होली की बधाई दी जा रही है और इस बहाने जनता को साधने की कोशिश भी हो रही है। दलों के छोटे-बडेघ् नेता पार्टियों का आयोजन कर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देने के साथ ही अपना राग अपालने के साथ ही जनता के बीच यह संदेश देना चाहते हैं कि हम भी आपके सबसे बड़े नेता और शुभचिंतक है। भाजपा हो या कांग्रेस या फिर अन्य दलों के नेता सभी होली के बहाने जनता को साधने का कार्य कर रहे हैं। 'सफेदपोश' इस 'एका' के पीछे का कारण चुनावी साल है।

प्रदेश में भाजपा मुख्यालय से लेकर जिले और मंडल कार्यालयों में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। यही तस्वीर कांग्रेस सहित अन्य दलों की भी है। सभी दल के नेता आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक विविधता के रंगों के साथ सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने संदेश दे रहे हैं, जबकि उनके अंदर क्या है सभी जानते हैं। प्रदेश भर में होली की धूम मची हुई है और कांगेस-बीजेपी सहित सभी दलों के नेता होली मिलन कार्यक्रमों में शामिल होकर कार्यकर्ताओं और जनता के साथ होली खेल रहे है। असली बजह क्या है यह सभी जानते है। चुनावी साल में अगर ऐसे आयोजन नहीं होंगे तो नेता को नेताजी कौन कहेगा। क्योंकि बुरा न मानो होली है भाई !

## सीएम आवास पर रंगों की बहार: होली मिलन में उमड़ा जनसैलाब!





कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री आवास में सोमवार को पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति की छटा के साथ रंग, संगीत और लोकपरंपराओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला उत्सव है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विविधता हमारी शक्ति है और ऐसे आयोजन हमारी पारंपरिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने का माध्यम बनते हैं।

समारोह में मंत्रीगण, विधायकगण, प्रशासनिक अधिकारी तथा समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री से भेंट कर होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

कार्यक्रम के दौरान गढ़वाल और कुमाऊँ की पारंपरिक होली के साथ-साथ जौनसार-बावर और तराई क्षेत्र की लोकधुनों ने वातावरण को रंगमय बना दिया। लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश की विविध लोक परंपराओं की झलक दिखाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की लोकसंस्कृति, लोकभाषाओं और पारंपरिक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत ही उत्तराखण्ड की पहचान है और इसे सहेजना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। समारोह में सभी ने पारंपरिक ढंग से एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# कोर्ट फैसला परिवर्तनकारी

राजनीति में कब क्या होगा? इसको परखना कोई आसान काम नहीं है। वर्तमान दौर की राजनीति में तो यह और भी मुश्किल इसलिए हो गया है क्योंकि राजनीति का कोई चाल-चरित्र और चेहरा नहीं रह गया है। किसी भी पार्टी और नेता द्वारा कब अलटी-पलटी मार ली जाएगी और बाजी पलट दी जाएगी कुछ भी कहना या उसका अनुमान लगाना भी असंभव हो गया है। सारी राजनीति का खेल सिर्फ राजनीतिक दलों के सत्ता और नेताओं के निजी स्वार्थों के इर्द-गिर्द ही सिमट कर रह गया है। लोकतंत्र और सभी संवैधानिक मर्यादाओं को तार-तार कर चुकी वर्तमान की राजनीति का उद्देश्य अब लोक कल्याण और राष्ट्रीय विकास से कतई नहीं रह गया है। दिल्ली के शराब घोटाले पर कोर्ट का जो फैसला आया है वह अत्यंत ही विस्मयकारी है। इस मामले में जेल काट चुके संभावी उन अभियुक्तों को इस तरह के फैसले की उम्मीद नहीं थी यही कारण है कि इस समय तमाम राजनीति के विश्लेषक मीडिया और नेता इसे अपने-अपने ज्ञान सोच और संभावनाओं की कसौटी पर कसने में लगे हैं। कौन क्या सोचता है यह अलग बात है लेकिन यह फैसला एक परिवर्तनकारी घटना जरूर है जो देश की राजनीति की अबोहवा को तो बदलेगा ही इसके साथ ही इसके दूरगामी परिणाम देश की राजनीति पर देखने को मिल सकते हैं। इस फैसले के बाद जिन बातों पर सबसे अधिक चर्चा हो रही है उसमें इसे एक ऐसा षड्यंत्र होने की संभावना भी जताई जा रही है जैसी अन्ना हजारे आंदोलन के समय भाजपा और संघ द्वारा कांग्रेस की मनमोहन सरकार को उखाड़ फेंकने की बताई जाती है। केजरीवाल व आम आदमी पार्टी जिसे अभी भाजपा की बी टीम माना जाता है कुछ लोग इस फैसले को भी मोदी सरकार और भाजपा के एक और षड्यंत्र के तौर पर देख समझ रहे हैं जिसे आगामी समय में कुछ राज्यों में होने वाले चुनाव में कांग्रेस को हराने और भाजपा की जीत का रास्ता प्रशस्त करने वाला माना जा रहा है। फैसले के बाद जिस तरह के तेवर अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी द्वारा एक दूसरे के खिलाफ दिखाए जा रहे हैं वह इस बात का साफ संकेत है कि यह चुनाव परिणाम इस फैसले से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेंगे। जहां भी आम आदमी पार्टी के फुटप्रिंट है उन राज्यों में आम आदमी पार्टी का चुनाव लड़ना कांग्रेस की हार व भाजपा की जीत का कारण बन सकता है। इस फैसले का दूसरा गंभीर प्रभाव उस विपक्षी एकता पर पड़ना भी लाजमी है जिसे हम बीते कुछ समय से संसद और संसद के बाहर भी देख रहे थे। केजरीवाल जब जेल में थे तब हमने सोनिया गांधी को उनकी पत्नी के समर्थन में मंच साझा करते हुए तथा उनसे सहानुभूति जताते व सहारा देते देखा था। लेकिन इस फैसले के बाद केजरीवाल उनके खिलाफ न जाने क्या-क्या कह रहे हैं भाजपा को तो यह अच्छे से पता है कि कोई भी एक अकेला विपक्षी दल उसका किसी चुनाव में मुकाबला नहीं कर सकता है। इसलिए उसका हर संभव प्रयास यही है कि विपक्षी एक साथ नहीं हो सकें। भले ही भाजपा अपने विपक्ष मुक्त लोकतंत्र के मंसूबे में सफल नहीं हो सकी हो लेकिन सत्ता तक पहुंच सके इसमें उसने सफलता हासिल कर ली है। सत्ता में बने रहने के लिए विपक्ष में एक जुटता और एकता न होने देने का ही अब उसकी सफलता का मूल मंत्र बन चुका है इसे विपक्ष भी भले ही जानता समझता है लेकिन अपने तात्कालिक नफा नुकसान कह गणित उसकी एकता के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है।



# लघु व्यापारियों ने फूलों की वर्षा कर होली मिलन समारोह आयोजित किया

संवाददाता

हरिद्वार। लघु व्यापारियों के सामूहिक एकमात्र संगठन लघु व्यापार एसो. द्वारा प्रथम स्मार्ट वेंडिंग जोन के प्रांगण में फूलों की होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आज यहां फुटपाथ के कारोबारी रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के सामूहिक एकमात्र संगठन लघु व्यापार एसो. द्वारा प्रथम स्मार्ट वेंडिंग जोन के प्रांगण में फूलों की होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा रहे। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ लघु व्यापारी नेता मोहनलाल ने की, कार्यक्रम का संचालन मनोज मंडल द्वारा किया गया। फूलों की होली मिलन समारोह में प्रथम वेंडिंग जोन के लाभार्थी लघु व्यापारियों ने एक दूसरे के माथे पर चंदन का टीका लगाकर फूलों की वर्षा करते हुए मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाइयां देते हुए पर्यावरण ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# कांग्रेस ने एसएसपी को ज्ञापन सौंप 'वसूली अभियान मोर्चा' के खिलाफ कार्यवाही की मांग की



संवाददाता

देहरादून। कांग्रेसी नेताओं के खिलाफ फर्जी पोस्ट डालने वाले वसूली अभियान मोर्चा के खिलाफ कार्यवाही के लिए कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन।

आज यहां ''वसूली अभियान मोर्चा'' सोशल मीडिया फेस बुक अकाउंट से कांग्रेस पार्टी के नेताओं की राजनैतिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने की नीयत से लगातार डाली जा रही कूट रचित सोशल मीडिया पोस्टों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमण्डल ने प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून से मुलाकात कर उन्हें पूरे प्रकरणों की जानकारी दी तथा दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि ''वसूली अभियान मोर्चा'' सोशल मीडिया अकाउंट संचालक द्वारा कांग्रेस नेताओं के खिलाफ किये जा रहे कुप्रचार के खिलाफ पूर्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल द्वारा 28 दिसम्बर 2025 को लिखित रूप में शिकायत दर्ज कराते हुए उक्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग की गई थी, परन्तु उस शिकायत पर कार्रवाई न होने से सोशल मीडिया संचालक के हौसले बुलंद हैं तथा ''वसूली अभियान मोर्चा'' सोशल मीडिया फेसबुक पेज पर 28 फरवरी 2026 को पुनः कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की राजनैतिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने की नीयत से एक वीडियो पोस्ट की गई है (सोशल मीडिया पोस्ट की फोटो संलग्न है)। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि ''वसूली अभियान मोर्चा'' सोशल मीडिया संचालक को सरकार एवं पुलिस प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है।

# 'वादा याद दिलाओ' पदयात्रा का आयोजन




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। देहरादून में तेजी से घटती हरियाली, जंगलों और जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए आज नागरिकों ने एकजुट होकर "वादा याद दिलाओ" पदयात्रा का आयोजन किया। यह पदयात्रा प्रातः 8:30 बजे दिलाराम चौक से प्रारम्भ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों ने भाग लिया।

पदयात्रा का उद्देश्य सरकार और प्रशासन को उनके उस वादे की याद दिलाना था, जिसमें देहरादून की हरियाली, जंगलों और जल स्रोतों को संरक्षित रखने की बात कही गई थी। प्रतिभागियों ने कहा कि शहर में तेजी से हो रहे अंध ाधुंध निर्माण, पेड़ों की कटाई और जल स्रोतों के समाप्त होने से देहरादून की पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

इस कार्यक्रम में देहरादून साइक्लिंग क्लब के सदस्य और सचिव हरिसिमरन सिंह भी शामिल हुए। क्लब के सदस्यों ने देहरादून की हरियाली की रक्षा और पेड़ों के संरक्षण के लिए अपना पूर्ण समर्थन और प्रतिबद्धता व्यक्त की।

पदयात्रा में शामिल प्रमुख प्रतिभागियों में इरा चौहान, हिमांशु अरोड़ा, अनीश लाल, जया सिंह, रूचि एस. राव, रंजोना बनर्जी, अनूप नौटियाल, नितिन शाह, लेफ्टिनेंट कर्नल सनी बख्शी (सेवानिवृत्त), अंकित भंडारी, भारती पी. जैन, नीरज नैनवाल, दिशा नैनवाल, अलका मधन, अभिषेक भट्ट, राहुल जुगरान, बीना जुगरान, शक्ति प्रसाद, फ्लोरेंस पांधी, वी.पी. नौटियाल, रेतु चटर्जी, नरेंद्र सिंह, किरण कपूर, जगमोहन मेंदीरत्ता, हितेश शर्मा, राहुल कोहली, रमना कुमार, हिमांशु अवस्थी, नीना नेहरू, सुनील नेहरू, कुसुम कोहली, माया नोरुला, प्रशांत हिंदवान, देवयांशु त्यागी, मौसुमी भट्टाचार्य, सैम जे. डास, अजय दयाल, रणबीर सिंह चौधरी, गयूर आलम, पेट्रिशिया आलम, हिमांशु चौहान, शीला चौहान, गौरांग चौहान और अंचल सोंधी सहित कई अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

# होली मिलन समारोह उत्साह व लोक संस्कृति के रंगों के साथ हुआ संपन्न



हमारे संवाददाता

देहरादून। कैंट विधानसभा क्षेत्र में बल्लीवाला स्थित वैडिंग पॉइंट में भव्य होली मिलन समारोह हर्षोल्लास, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक विविधता के रंगों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने सपरिवार सहभागिता कर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

समारोह की शुरुआत गढ़वाल का प्रसिद्ध लोकगीत "खोली के गणेश" की मंगलध्वनि के साथ हुई। जिसने पूरे वातावरण को पारंपरिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद मनमोहक राधा-कृष्ण लीला की प्रस्तुति ने दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। क्रमशः विष्णु अवतार लीला एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मंच को जीवंत बनाए रखा। वृंदावन की प्रसिद्ध फूलों की होली की तर्ज पर पुष्प वर्षा के साथ होली खेली गई, जिससे पूरा परिसर रंग और उमंग से सराबोर हो गया। अंत में गढ़वाल की पारंपरिक ढोल-दमाऊं की थाप पर 'मोल्यार गढ़वाल होलियारों की टीम' ने ऐसा रंग जमाया कि पूरा पंडाल झूम उठा और लोक संस्कृति की जीवंत छटा ने कार्यक्रम को चरम उत्साह तक पहुँचा दिया। कार्यक्रम में कैंट विधानसभा के विजय पार्क, प्रेमनगर व विभिन्न क्षेत्रों की महिला कीर्तन मंडलियों ने गढ़वाली लोकगीतों से कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय हो गया। विष्णुअवतार लीला व अग्निद्वीप नृत्य से ब्रज की होली की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और दिलों की ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# भानियावाला में पेयजल समस्या से 20 परिवार परेशान

ऋषिकेश(आरएनएस)। भानियावाला के आदर्श नगर में 20 परिवार कई वर्षों से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जल संस्थान कार्यालय में पहुंचकर नाराजगी जताई। उन्होंने क्षेत्र में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने और नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने की मांग उठाई। जल संस्थान कार्यालय को सौंपे ज्ञापन में स्थानीय निवासी मदन सिंह बुटोला ने कहा कि डोईवाला नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 07 भानियावाला स्थित आदर्श नगर की लेन नंबर 19 में लंबे समय से पेयजल समस्या बनी हैं। इसको लेकर वर्ष 2017 में भी जल संस्थान को शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। पानी की किल्लत के कारण क्षेत्र के करीब 20 परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि गली में पुरानी पाइपलाइन तो मौजूद है, लेकिन उससे पानी नाममात्र ही आता है। कई बार अधिकारियों को मौखिक व लिखित रूप से अवगत कराने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने जल्द नई पाइपलाइन बिछाकर नियमित पेयजल आपूर्ति शुरू करने की मांग की।

# आयुष का पावरलिफ्टिंग में नेशनल के लिए हुआ चयन

पौड़ी(आरएनएस)। शहर के सेंट थॉमस स्कूल के कक्षा 11वीं के छात्र आयुष भंडारी ने जिले का नाम रोशन किया है। आयुष ने राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के सब जूनियर वर्ग के तहत 120 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप के लिए उनका चयन हुआ है। उत्तराखंड पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन देहरादून की ओर से बीते 22 फरवरी को ओपन वर्ग की पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। इसमें 14-18 आयुवर्ग के सब जूनियर वर्ग में आयुष भंडारी ने स्वर्ण जीता। चैंपियनशिप में शामिल होने वाले वह जिले के एकमात्र खिलाड़ी हैं। राज्य स्तरीय इस चैंपियनशिप में पूरे प्रदेश के करीब 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने 175 किग्रा स्क्वाट, 92.5 किग्रा बेंच प्रेस व 205 किग्रा भार के साथ डेडलिफ्ट उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बताया कि अब राष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप आंध्र प्रदेश में 15 से 20 मई में आयोजित होगी। इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बताया कि बीते 8 फरवरी को सीएम चैंपियनशिप के तहत हुई राज्य स्तरीय पॉवरलिफ्टिंग के अंडर-19 आयुवर्ग में रजत पदक जीता था। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक फादर जीजो पालाथिंकल व प्रधानाचार्य सिस्टर सौमिनी ने उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कहा कि छात्र की मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से वह नेशनल के लिए चयनित हुआ है।

# बाहरी वाहन गृह राज्य से ही लाएंगे तीर्थयात्री

ऋषिकेश(आरएनएस)। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर आरटीओ संदीप सैनी ने ऋषिकेश में बैठक आयोजित की। उन्होंने संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति और अन्य परिवहन यूनियनों के सदस्यों की समस्याएं सुनीं और सुझाव लिए। चर्चा कर यह तय किया कि बाहरी वाहन गृह राज्य से ही यात्री लेकर आएंगे। यात्रियों को संबंधित स्थल तक भी पहुंचाने की जिम्मेदारी उनकी होगी। बावजूद, चेकिंग में नियम का उल्लंघन होता मिला तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हरिद्वार बाईपास मार्ग स्थित एआरटीओ कार्यालय में आरटीओ संदीप सैनी ने दोपहर करीब एक बजे बैठक शुरू की। जिसमें उन्होंने परिवहन निगम ऋषिकेश से संचालित संयुक्त रोटेशन, टैक्सी और मैक्सी संगठन सदस्यों से यात्रा को लेकर चर्चा की। रोटेशन की बसों की संख्या की जानकारी लेते हुए उन्होंने जरूरत पड़ने पर यात्रा में गढ़वाल-कुमाऊं के वाहनों को भी यात्रा पर भेजने की बात कही। बताया कि रोटेशन से संचालित सभी वाहन गमन पत्र (ग्रीन कार्ड) से यात्रा में संचालित होंगे। रोटेशन को हर दिन यात्रा पर जाने वाले वाहनों की सूचना देनी होगी।

# वनाग्नि नियंत्रण के लिए ब्लॉक स्तरीय समिति गठन

चमोली(आरएनएस)। वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम और वनों की सुरक्षा के लिए ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन किया गया। वनाग्नि नियंत्रण समिति में ब्लॉक प्रमुख को अध्यक्ष चुना गया। अन्य प्रतिनिधियों व अधिकारियों को सदस्य नामित किया गया। ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत प्रमुख राजी देवी की अध्यक्षता में वनाग्नि सुरक्षा को लेकर बैठक हुई। इस दौरान जंगल को आग से बचाने के लिए वनाग्नि नियंत्रण समिति के गठन पर विचार किया गया। सर्वसम्मति से समिति का गठन करते हुए ब्लॉक प्रमुख को समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं खंड विकास अधिकारी शिव सिंह भंडारी, पुलिस विभाग से एसआई दलबीर सिंह, राजस्व निरीक्षक प्रदीप रावत, सेरा मालकोटी के प्रधान राजेश भंडारी और त्रिशूला के प्रधान विक्रम सिंह को सदस्य नामित किया गया। समिति ब्लॉक स्तर पर वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न स्तर पर जागरुकता फैलाएगी। साथ ही वनाग्नि की घटना होने पर वन विभाग से समन्वय बनाएगी। इस दौरान केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग के वनक्षेत्राधिकारी नवल किशोर सिंह नेगी, अलकनंदा भूमि संरक्षण वन प्रभाग के वनक्षेत्राधिकारी बीएल शाह, वन दरोगा आनंद सिंह, मोहन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# साधु संतों ने गाय के पंचगव्य से होली खेली, परंपरा और प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

हरिद्वार(आरएनएस)। हरिद्वार के साधु-संतों ने गाय के पंचगव्य से होली खेलकर न केवल सनातन परंपरा का निर्वहन किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश भी दिया। आस्था और उल्लास के बीच यह आयोजन माया देवी मंदिर प्रांगण में हुआ, जहां पहले गाय के दूध, दही, घी, गोबर और गोमूत्र से पंचगव्य तैयार किया गया। इसके बाद संतों ने उसी पंचगव्य से होली खेली। भजन-कीर्तन, जयघोष और ढोल-नगाड़ों की धुन पर संत समाज झूम उठा। पारंपरिक अंदाज में एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं।

संतों के अनुसार, प्राचीन काल से साधु-संत गाय के पंचगव्य से होली खेलते आ रहे हैं। मान्यता है कि गाय के गोबर में भगवान गणेश का आह्वान हुआ था। इसी परंपरा के निर्वहन के तहत अखाड़ों ने होली खेलकर काशी विश्वनाथ मंदिर की परंपरा का पालन किया। 'यह सिर्फ उत्सव नहीं, संस्कृति का प्रतीक' जगद्गुरु शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राकृतिक संसाधनों के प्रति आदर की भावना सदैव रही है। पंचगव्य की होली उसी परंपरा का जीवंत उदाहरण है। इस होली से समाज को अपनी जड़ों से जुड़े रहने के साथ प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीने का संदेश दिया गया है। एकादशी और शिव-पार्वती को समर्पित परंपरा जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरिगिरि ने कहा कि होली का पर्व सबको एक सूत्र में पिरोता है।

उन्होंने बताया कि फाल्गुन मास में पड़ने वाली रंगभरी एकादशी भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित होती है। उनको प्रसन्न करने के लिए पंचगव्य और रंगों से होली खेलने की परंपरा है।'पंचगव्य की होली सनातन संस्कृति का प्रतीक' अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि पंचगव्य और गोबर की होली हमारी सनातन संस्कृति का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा है और उसका गोबर भी पवित्र माना जाता है। यह परंपरा प्रकृति के प्रति सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। उन्होंने यह भी कहा कि गाय माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिलना चाहिए। नागा संन्यासियों की अलग पहचान वाली होली जूना अखाड़ा और निरंजनी अखाड़े में नागा संन्यासी रहते हैं, जिन्हें सनातन धर्म और संस्कृति का वाहक माना जाता है। जहां एक ओर बरसाना की लठमार होली और मथुरा की फूलों की होली विश्वप्रसिद्ध है, वहीं नागा साधुओं की पंचगव्य होली का उल्लास भी कम नहीं। पंचगव्य में गंगाजल और रंग भी मिलाए जाते हैं। पहले संत एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हैं, फिर पंचगव्य से होली खेलते हैं।

## बाजपुर की महिलाओं के हर्बल गुलाल की दून में भी मांग

काशीपुर(आरएनएस)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण महिलाएं स्वावलंबन की नई इबारत लिख रही हैं। ग्राम पंचायत रतनपुरा के दीपक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने इस बार केमिकल मुक्त और सुरक्षित होली का बीड़ा उठाया है। उनके प्राकृतिक और ऑर्गेनिक रंगों की मांग अब राजधानी देहरादून तक पहुंच गई है। सत्यमेव जयते क्लस्टर की अध्यक्ष संदीप कौर ने बताया कि समूह की महिलाएं पूरी तरह फूलों और प्राकृतिक सामग्रियों से हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। यह गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल भी है। महिलाओं का यह प्रयास समाज को केमिकल मुक्त होली मनाने का संदेश दे रहा है। विकासखंड परिसर में लगाए गए उनके स्टॉल पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। समूह को देहरादून से 20 किलो हर्बल गुलाल का विशेष ऑर्डर मिला, जिसे सफलतापूर्वक भेज दिया गया है। समूह की महिलाओं ने बताया कि वे अब तक 1.45 लाख रुपये की बिक्री कर चुकी हैं और अन्य क्षेत्रों से भी लगातार मांग मिल रही है।

# ट्रामा सेंटर में बढ़ेंगे बेड, 14 तक होगी क्षमता

रुड़की(आरएनएस)। जेएम दीपक रामचंद्र शेट ने ट्रामा सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीएमओ डॉ. एके मिश्रा ने उन्हें अस्पताल में मिल रही वर्तमान सुविधाओं की जानकारी दी। बताया कि अभी यहां नौ बेड की व्यवस्था है, जिसे बढ़ाकर अब 14 किया जाएगा। हाल ही में ट्रामा सेंटर भवन का कायाकल्प कार्य सीएसआर फंड के माध्यम से कराया गया है। इसके तहत भवन में रंगाई-पुताई, टाइल्स लगाने और आधारभूत सुविधाओं के सुधार का कार्य किया गया। निरीक्षण के दौरान जेएम ने भवन में साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से शौचालयों के पास मैट लगाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों और तीमारदारों को असुविधा न हो।

# बाजपुर में पिंजरे में कैद हुई मादा गुलदार

काशीपुर(आरएनएस)। ग्राम टांडा अमीचंद में पिछले कुछ समय से गुलदार की दस्तक से दहशत का माहौल बना हुआ था। गुलदार वन विभाग के लगाए गए पिंजरा में कैद हो गई। वन रेंजर नवल कपिल ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए बीते 26 फरवरी को गांव टांडा अमीचंद में पिंजरा लगाया गया था। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे ग्रामीणों ने देखा कि पिंजरे में एक गुलदार बंद है।


सूचना मिलते ही उप वन क्षेत्राधिकारी दीवान सिंह रौतेला के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए गुलदार का सुरक्षित रेस्क्यू किया और उसे पिंजरे सहित बन्नाखेड़ा परिसर लाया गया। निरीक्षण के दौरान मादा गुलदार जिसकी उम्र करीब 3 वर्ष है पूरी तरह स्वस्थ पाई गई। उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार, रेस्क्यू की गई मादा गुलदार को टीम ने उत्तरी जसपुर फाटो रेंज के सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि हालांकि एक गुलदार के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत महसूस की है, लेकिन क्षेत्र में एक से अधिक गुलदार होने की आशंका अभी भी बनी हुई है। ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने उक्त स्थल पर दोबारा पिंजरा लगाने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# कोटी कॉलोनी में छह से नौ मार्च तक होगा हिमालय ओटू महोत्सव

नई टिहरी(आरएनएस)। हिमालय ओटू टिहरी झील महोत्सव से आमजन को जोड़ने के लिए इस बार कोटीकॉलोनी में मुख्य कार्यक्रम के अलावा टिहरी जिले की सभी छह विधानसभाओं में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

छह से नौ मार्च तक आयोजित महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में अलावा मास्टर शेफ, फोटोग्राफी, फैशन शो, राफ्टिंग, पेंटिंग, ट्रैकिंग, पतंग महोत्सव,गंगा आरती और फुटबाल प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। सभी प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए इनामी राशि तय की गई है। जिससे जिलेभर में महोत्सव को लेकर उत्साह का वातावरण बना हुआ है। जिला सूचना विभाग में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि टिहरी झील महोत्सव को भव्य रूप देने की तैयारी है। सीएम की अनुमति के बाद हिमालय ओटू का कार्यक्रम जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए बेहतर स्थान चिह्नित किए गए हैं।

महोत्सव जिला मुख्यालय में कराने पर भी विचार किया गया। लेकिन इन दिनों अधिकतर बच्चों की बोर्ड परीक्षाएं चल रही है, इस कारण मुख्य कार्यक्रम कोटीकॉलोनी में ही रखा गया है। लेकिन भविष्य में कोटीकॉलोनी में वाटर स्पोर्ट्स और महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम नई टिहरी में कराने का प्रयास किया जाएगा। महोत्सव में प्रशासनिक, सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। बताया कि टिहरी महोत्सव में करीब चार करोड़ रुपये खर्च होने की उम्मीद है। इस महोत्सव को आयोजित करने के लिए अगली बार उत्तराखंड के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हिमालय ओटू कार्यक्रम के तहत बौराड़ी स्टेडियम में करिअप्पा फुटबाल प्रतियोगिता और पेंटिंग, नरेंद्रनगर खारास्रोत में पतंग महोत्सव, पीड़ी,कसमोली में बर्ड वाचिंग, प्रतापनगर खगोल रात्रि, नागटिब्बा में ट्रैकिंग, मुनिकीरेती में राफ्टिंग और देवप्रयाग में गंगा आरती का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर नत्थी लाल तिवाड़ी, विनोद सुयाल आदि मौजूद थे।



# 50 की उम्र के बाद महिलाओं को करानी चाहिए ये 5 स्वास्थ्य जांच, रहेंगी स्वस्थ!

जैसे-जैसे महिलाओं की उम्र बढ़ती है, उनके शरीर में कई बदलाव आते हैं। इन बदलावों के साथ-साथ स्वास्थ्य की जांच भी जरूरी हो जाती है। 50 साल की उम्र के बाद महिलाओं को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना चाहिए और नियमित जांच करवानी चाहिए। इससे किसी भी संभावित बीमारी का जल्दी पता चल सकता है और समय पर इलाज मिल सकता है। आइए हम आपको उन स्वास्थ्य जांचों के बारे में बताते हैं, जो महिलाओं के लिए जरूरी हैं।

हड्डियों की जांच

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, हड्डियों की मजबूती कम होने लगती है। इससे हड्डियों के कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे उनके टूटने का खतरा रहता है और चलने-फिरने में भी परेशानी हो सकती है। इसलिए, 50 साल की उम्र के बाद महिलाओं को अपनी हड्डियों की जांच जरूर करवानी चाहिए। डॉक्टर से सलाह लेकर कैल्शियम और विटामिन-डी की खुराक भी लेनी चाहिए, ताकि हड्डियां मजबूत रहें और उनके कमजोर होने से बचाव हो सके।

स्तन कैंसर की जांच

स्तन कैंसर महिलाओं में एक आम बीमारी बनती जा रही है, खासकर 50 साल की उम्र के बाद इसका जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए, नियमित रूप से अपने स्तनों की जांच कराना जरूरी है। इससे अगर कोई समस्या होगी तो उसका समय पर पता चल सकेगा और इलाज शुरू किया जा सकेगा। इसके अलावा अगर आपको स्तनों में दर्द महसूस हो या किसी प्रकार का बदलाव दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श कर लें।

आंखों की जांच

आंखों से जुड़ी समस्याएं भी उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती हैं। 50 की उम्र तक धुंधला दिखना, नजर कमजोर होना या आंखों में जलन जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। इनसे बचाव के लिए नियमित रूप से आंखों की जांच कराना जरूरी है। इससे डॉक्टर आपकी समस्याओं का सही पता लगा सकते हैं और उचित इलाज या चश्मा सुझा सकते हैं। आंखों की देखभाल के लिए संतुलित डाइट लेना और सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव करना भी अहम है।

दिल की जांच

दिल की बीमारियां आजकल बहुत आम हो गई हैं। उच्च रक्तचाप, चर्बी का बढ़ना या दिल की धड़कनें असामान्य होना, इन सबके खतरे 50 साल की उम्र के बाद बढ़ जाते हैं। इसलिए, हर साल एक बार दिल की जांच जरूर करवानी चाहिए, ताकि किसी भी समस्या का समय पर पता चल सके और उसका इलाज किया जा सके। इसके अलावा संतुलित डाइट लेना, नियमित एक्सरसाइज करना और तनाव कम करना भी दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होगा।

मधुमेह की जांच

मधुमेह एक ऐसी बीमारी है, जो धीरे-धीरे शरीर को नुकसान पहुंचाती है। इसके लक्षण तुरंत दिखाई नहीं देते, इसलिए हर साल रक्त शर्करा की जांच करवानी चाहिए। इससे समय रहते इसका पता चल सकेगा और आप जल्द इलाज शुरू कर सकेंगी।

इन जरूरी जांचों के जरिए महिलाएं अपनी सेहत का बेहतर ध्यान रख सकती हैं और किसी भी तरह की बीमारी से सुरक्षित रह सकती हैं। याद रखें कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाना भी उतना ही जरूरी है, जितनी जांचें करवाना।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# पश्चिम बंगाल का चुनाव बहुत अहम

अजीत द्विवेदी

वैसे तो अप्रैल में पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं लेकिन सबकी नजर पश्चिम बंगाल पर है। और ऐसा होने के कई कारण है। हालांकि ऐसा नहीं है कि तमिलनाडु का चुनाव कम महत्वपूर्ण है या केरल और असम का चुनाव ज्यादा महत्व का नहीं है। असम और केरल का चुनाव कांग्रेस पार्टी के लिए जीवन मरण का चुनाव है तो तमिलनाडु डीएमके, अन्ना डीएमके और फिल्म स्टार विजय के लिए बहुत अहम है। परंतु राष्ट्रीय स्तर पर जिस चुनाव का सबसे ज्यादा असर होगा वह पश्चिम बंगाल का है। अगर ममता बनर्जी लगातार चौथी बार चुनाव जीतती हैं तो सिर्फ बंगाल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति प्रभावित होगी और सिर्फ भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए पर ही नहीं, बल्कि विपक्षी गठबंधन इंडिया' की राजनीति पर भी बड़ा असर होगा।

चुनाव की घोषणा से पहले कांग्रेस ने ऐलान कर दिया है कि वह अकेले सभी 294 सीटों पर लड़ेगी। दूसरी ओर वामपंथी पार्टियों का मोर्चा भी अकेले लड़ने की तैयारी कर रहा है। 2016 के बाद पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है। पिछले दो चुनावों में कांग्रेस और वाम मोर्चे के बीच सीट एडजस्टमेंट की सहमति बनी थी और दोनों ने मिल कर चुनाव लड़ा था। पिछली बार यानी 2021 में तो फुरफुराशरीफ के पीरजादा अब्बास सिद्दीकी की पार्टी इंडियन सेकुलर फ्रंट यानी आईएसएफ के साथ भी सीटों का समझौता हुआ था। इस बार देखने वाली बात होगी कि आईएसएफ की कमान संभाल रहे नौशाद सिद्दीकी क्या फैसला करते हैं। उनका फैसला इसलिए अहम हो गया है क्योंकि इस बार पश्चिम बंगाल में एक मुस्लिम गठजोड़ के अलग से चुनाव लड़ने की संभावना बन रही है। तृणमूल से चुनाव जीते हुमायूं कबीर ने जनता उन्नयन पार्टी बनाई है।

वे मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद बनवा रहे हैं और मुस्लिम ध्रुवीकरण के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों एक सभा की तो उसमें असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया एमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष इरफान सोलंकी भी शामिल हुए थे। कहा जा रहा है कि हुमायूं कबीर इस बार ओवैसी की पार्टी एमआईएम और बदरूद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीफ से तालमेल करेंगे। अगर आईएसएफ इसमें शामिल हो तो चार मुस्लिम पार्टियों का एक मोर्चा बनेगा। हालांकि इस बीच यह भी खबर है कि सीपीएम के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने भी हुमायूं कबीर से मुलाकात की है। तो क्या लेफ्ट मोर्चा इन मुस्लिम पार्टियों के साथ गठबंधन कर सकता है? जो हो अभी तक यह दिख रहा है कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस की आमने सामने की लड़ाई में कांग्रेस, लेफ्ट और मुस्लिम पार्टियों के मोर्चे की चुनौती है। दूर से एक बहुकोणीय मुकाबला दिख रहा है। हालांकि ऐसा होगा नहीं।

चुनाव से पहले बन रहे गठबंधनों की पृष्ठभूमि जानना इसलिए जरूरी है क्योंकि पश्चिम बंगाल में हिंदू और मुस्लिम दोनों वोटों के बंटवारे या ध्रुवीकरण से चुनावी नतीजे तय होते हैं। लगभग 30 फीसदी मुस्लिम आबादी लगभग पूरी तरह से ममता बनर्जी की पार्टी के समर्थन में वोट करती है। दूसरी ओर 70 फीसदी हिंदू आबादी का लगभग 60 फीसदी हिस्सा भाजपा का समर्थन करता है। इसका अर्थ है कि अगर 10 फीसदी और हिंदू वोट भाजपा के साथ जुड़ जाएं तो भाजपा चुनाव जीत जाएगी या अगर 20 फीसदी के करीब मुस्लिम वोट ममता बनर्जी से टूट जाए तब भी भाजपा जीत जाएगी। भाजपा का 38 से 40 फीसदी तक वोट कायम रहने की संभावना इसलिए है क्योंकि पिछले तीन चुनावों में उसे इतना ही वोट मिलता है और उसे इसे और कंसोलिडेट किया है।

पिछले चुनाव में कांग्रेस, लेफ्ट और आईएसएफ को साझा तौर पर 12 फीसदी के करीब वोट मिला था। इसमें ज्यादा बड़ा हिस्सा हिंदू वोट का था। ध्यान रहे बांग्ला बोलने वाला हिंदू समुदाय भाजपा के साथ जाने की बजाय ममता बनर्जी या लेफ्ट, कांग्रेस के साथ रहता है। लेकिन इस बार स्थिति बदलने की संभावना है। बांग्लाभाषी हिंदू पहली बार मुस्लिम आबादी को लेकर चिंता में हैं। उनको लग रहा है कि भाषा और संस्कृति की एकता बनाने के चक्कर में बांग्लाभाषी हिंदू पहले कांग्रेस फिर लेफ्ट और अब तृणमूल को वोट देते रहे हैं लेकिन इस बीच राज्य की जनसंख्या संरचना बदल गई और उनके सामने गंभीर खतरे खड़े हो गए हैं। अगर बांग्लाभाषी हिंदू इस मानसिकता में वोट करते हैं तो भाजपा के लिए अवसर बनेगा और राष्ट्रीय स्तर पर हिंदू ध्रुवीकरण मजबूत होगा।

अगर चुनिंदा इलाकों में जैसे मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तरी दिनाजपुर के मुस्लिम बहुल इलाकों में तृणमूल कांग्रेस को छोड़ कर मुस्लिम आवाम का समर्थन मुस्लिम नेताओं की पार्टियों को मिलता है तो हैदराबाद से शुरू होकर महाराष्ट्र और बिहार तक मुस्लिम नेतृत्व के प्रति मुस्लिम आवाम के बढ़ते रूझान पर मुहर लगेगी। यह ट्रेंड स्थायी रूप से देश की राजनीति को बदलने वाला होगा। ध्यान रहे बिहार में आमने सामने के चुनाव के बावजूद ओवैसी की पार्टी के पांच विधायक जीते। महाराष्ट्र में ओवैसी की पार्टी के करीब एक सौ पार्षद जीते हैं। यह ट्रेंड दिखाता है कि मुस्लिम आवाम के मन में मौजूदा सेकुलर पार्टियों को लेकर संदेह पैदा हो गया है। वे उनकी बजाय सीधे अपना नेतृत्व खड़ा करना चाहते हैं। तभी जहां भी उनको अपना विकल्प मिलता है वे उसे प्राथमिकता देते हैं। जहां विकल्प नहीं है वहां रणनीतिक मजबूरी में कांग्रेस या किसी प्रादेशिक पार्टी का समर्थन करते हैं। अगर ममता बनर्जी की पार्टी को मुसलमानों का समर्थन कम होता है तो इस ट्रेंड की पुष्टि होगी। आगे के चुनावों में देश के दूसरे हिस्सों में भी यह ट्रेंड देखने को मिलेगा।

नेतृत्व के स्तर पर भी पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजे का असर देश की राजनीति पर पड़ेगा। अगर ममता बनर्जी चौथी बार जीतती हैं और लगातार दूसरी बार सीधे मुकाबले में भाजपा को हराती हैं तो इसे भाजपा के मौजूदा नेतृत्व के करिश्मे और

▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

## शब्द सामर्थ्य -056

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरेया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |



# चित्रांगदा सिंह संग दिखी सलमान खान की लविंग केमिस्ट्री

मातृभूमि को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, जिसने सभी प्लेटफॉर्म्स पर 50 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। अब सलमान खान फिल्म्स ने बैटल ऑफ गलवान वैलेंटाइन स्पेशल रोमांटिक ट्रैक मैं हूं पेश किया है। ऐसे में, सलमान खान और चित्रांगदा सिंह पर फिल्माया गया यह पूरा गाना अब रिलीज हो चुका है और यह फिल्म की भावनाओं को खूबसूरती से समेटे हुए है।

सोशल मीडिया हैंडल पर गाना शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मैं हूं, एक रिश्ते के भीतर के प्यार को बखूबी दर्शाता है, जिसमें परिवार के साथ बिताए हंसी-खुशी के पलों से लेकर अकेलेपन और खामोश इंतजार तक का सफर दिखाया गया है। यह गाना एक फौजी के परिवार की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बड़ी कोमलता से पेश करता है। घर पर बिताए खुशनुमा दिनों की गर्माहट और फिर ड्यूटी की पुकार पर होने वाली जुदाई का वो मीठा सा दर्द। यह इमोशनल बदलाव कहानी में इस तरह पिरोया गया है कि गाना दिल को छू लेने वाला और बेहद मार्मिक बन जाता है।

विजुअली, यह ट्रैक खुशी और तड़प के बीच एक बैलेंस बनाए रखता है। हम सलमान खान को दिल को छू लेने वाले और सौम्य पलों में देखते हैं मुस्कुराते हुए, जश्न मनाते हुए और अपने परिवार के साथ वक्त बिताते हुए, वहीं दूसरी तरफ कुछ फ्रेम्स इमोशनल दूरी और अकेलेपन को भी बयां करते हैं। चित्रांगदा सिंह ने अपने किरदार में शालीनता और एक खामोश मजबूती दिखाई है। उनकी केमिस्ट्री मैच्योर, नेचुरल और गहराई से सच्ची महसूस होती है।

अयान लाल, जो इस फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर भी हैं, उन्होंने एक ऐसी सुकून देने वाली धुन दी है जो गाना खत्म होने के बाद भी जहन में बनी रहती है। श्रेया घोषाल और अयान लाल की आवाज ने इस ट्रैक की भावनाओं को और भी गहरा बना दिया है। वहीं, अयान लाल और शब्बीर अहमद के लिखे बोल बहुत ही सटीक और दिल को छू लेने वाले हैं, जो एक फौजी के पीछे खड़े उसके परिवार की कुर्बानियों और उनकी खामोश ताकत को बयां करते हैं।

बैटल ऑफ गलवान का निर्माण सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान ने किया है, और अपूर्व लाखिया इसके डायरेक्टर हैं। यह फिल्म बहादुरी, बलिदान और जज्बे की एक सच्ची तस्वीर पेश करने का वादा करती है, जिसमें चित्रांगदा सिंह भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी।

## पश्चिम बंगाल का चुनाव बहुत अहम...

◀◀ पृष्ठ 4 का शेष

रणनीति के क्षरण की शुरुआत के तौर पर देखा जाएगा। ध्यान रहे एनडीए के अंदर वैसे भी इस बार भाजपा की स्थिति कमजोर है। पिछले चुनाव में वह अकेले दम पर बहुमत नहीं हासिल कर पाई। नरेंद्र मोदी की सरकार नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के समर्थन पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल में हारने पर सहयोगी पार्टियों का दबाव बढ़ेगा और पार्टी के अंदर भी एक दबाव समूह उभर सकता है। संघ की ओर से दखल बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन अगर पश्चिम बंगाल का किला भाजपा फतह कर लेती है तो फिर राष्ट्रीय राजनीति में वह अजेय हो जाएगी। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व के सामने लंबे समय तक कोई चुनौती नहीं आएगी।

पश्चिम बंगाल के नतीजे का विपक्षी गठबंधन पर भी बड़ा असर होगा। अगर ममता बनर्जी जीतती हैं तो फिर जैसा कि अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा से लड़ने वाली इकलौती नेता के तौर पे वे स्थापित होंगी। वे दिल्ली कूच करेंगी। राहुल गांधी के नेतृत्व के सामने बड़ी चुनौती खड़ी होगी। उनके पीछे हटने और ममता बनर्जी के नेतृत्व में 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारी करने की मांग उठेगी। यह मांग जमीन सचाइयों पर आधारित होगी। इसलिए कांग्रेस भले विरोध करे पर दूसरी पार्टियां इस पर गंभीरता से विचार करेंगी। ध्यान रहे अगले चुनाव तक विपक्षी पार्टियों का सत्ता का सूखा 15 साल का हो जाएगा। ऐसे में वे ममता बनर्जी के ऊपर दांव लगा सकती हैं। अगर कांग्रेस केरल और असम में जीत जाती है और तमिलनाडु में डीएमके गठबंधन जीतता है तब भी राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व को लेकर गंभीर चर्चा छिड़ेगी। कुल मिला कर हिंदू ध्रुवीकरण, मुसलमानों के अंदर अपने नेतृत्व की तलाश की बेचैनी और एनडीए व इंडिया' ब्लॉक में नेतृत्व के लिहाज से पश्चिम बंगाल का चुनाव बहुत अहम होने वाला है।

# ग्लैमर का दूसरा नाम एक्ट्रेस निधि अग्रवाल



अभिनेत्री निधि अग्रवाल अपने ग्लैमरस अंदाज़ और खूबसूरती को लेकर लगातार चर्चा में बनी रहती हैं। मूवी मुन्ना माइकल' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली निधि अग्रवाल आज इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्रियों में शुमार हैं।

टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी यह फिल्म दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई थी। निधि अग्रवाल सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपने लेटेस्ट फोटोशूट्स और वीडियोज़ फैंस के साथ साझा करती रहती हैं।

उनकी हर पोस्ट इंटरनेट पर आते ही वायरल हो जाती है और फैंस उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ करते हैं। यही वजह है कि वह लाखों लोगों की क्रश बन चुकी हैं।

हाल ही में निधि अग्रवाल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना नया फोटोशूट शेयर किया है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है।

इस फोटोशूट में निधि बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए अलग-अलग पोज़ देते देखा जा सकता है। ऑफ-व्हाइट बैकलेस ड्रेस में निधि का लुक काफी आकर्षक लग रहा है।

खुले बाल और स्टाइलिश ईयररिंग्स उनके पूरे लुक को और भी निखार रहे हैं। उनके चेहरे की मासूमियत और सादगी भरी अदाएं फैंस को खासा पसंद आ रही हैं।

निधि अग्रवाल का यह लेटेस्ट फोटोशूट एक बार फिर साबित करता है कि वह न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं, बल्कि स्टाइल और फैशन के मामले में भी किसी से कम नहीं हैं। फैंस अब उनकी आने वाली फिल्मों और नए प्रोजेक्ट्स का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

# आईना हैं अनुभव सिन्हा की फिल्में, वह बेहतरीन तरीके से पेश करते हैं कहानी : तापसी पन्नू



मुल्क', थप्पड़' और आर्टिकल 15' जैसी फिल्मों में काम करने के बाद तापसी पन्नू अब अनुभव सिन्हा के साथ आ रही फिल्म अस्सी को लेकर उत्साहित हैं। तापसी ने अनुभव सिन्हा के साथ काम करने के अनुभव को शानदार बताया। तापसी पन्नू ने उन्हें एक ऐसा निर्देशक बताया जो कहानियों को बहुत सच्चाई और सरलता से पेश करते हैं।

तापसी ने कहा, मैं अनुभव सिन्हा को सिर्फ कोर्टरूम ड्रामा तक सीमित नहीं रखना चाहती। उन्हें बहुत सी ऐसी चीजों को बेहतरीन तरीके से सामने लाने की कला आती है जो उनकी फिल्मों को ड्रामाई रूप से रियल और शानदार बनाती हैं। चाहे मुल्क' या अस्सी' जैसे कोर्टरूम ड्रामा हों या थप्पड़' और आर्टिकल 15' जैसी कहानियां, उनकी कहानी कहने का अंदाज बेहतरीन है और वह सच को सहजता से सामने लाते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि अनुभव सिन्हा जिंदगी की सच्चाई को इतनी आसानी से दिखाते हैं कि एक बार सामने आने के बाद उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि उनकी फिल्में इतनी असरदार बनती हैं। तापसी का मानना है कि जब कोई डायरेक्टर सबसे साधारण कहानियों को भी दमदार तरीके से पेश कर सकता है तो एक्टर उसके साथ सबसे सुरक्षित महसूस करता है।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई यह कह सकता है कि अनुभव की फिल्मों में किसी एक्टर ने अच्छा काम नहीं किया। अनुभव जो मटेरियल और सीन देते हैं, उनमें अगर एक्टर पूरी तरह कमिटेड है तो गलत होने की गुंजाइश बहुत कम रहती है। उनके दिए डायलॉग और मोमेंट्स एक बच्चे को कैंडी शॉप में मिलने वाली खुशी जैसे होते हैं।

अस्सी' में तापसी पन्नू के साथ लीड रोल में कनी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा और मोहम्मद जीशान अय्यूब नजर आएंगे। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा पाहवा के स्पेशल अपीयरेंस भी हैं। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में तैयार फिल्म को गुलशन कुमार और टी-सीरीज पेश कर रहे हैं। यह बनारस मीडिया वर्क्स का प्रोडक्शन है, जिसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, और अनुभव सिन्हा ने प्रोड्यूस किया है।

# पलायन से गांव खाली हो रहे हैं हम सभी को अपने गांवों को बचाने की आवश्यकता : सांसद बलूनी

चमोली(आरएनएस)। सांसद अनिल बलूनी ने नगर पालिका की ओर से कर्ण मंदिर परिसर में लगाए गए 100 फीट ऊंचे तिरंगे और गेट का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पलायन से गांव खाली हो रहे हैं। हम सभी को अपने गांवों को बचाने की आवश्यकता है। आगामी वर्षों में ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे लाइन निर्माण होने से यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और लोगों का आवागमन आसान होगा। उन्होंने कहा कि जल्द गैरसैंण में केंद्रीय विद्यालय और जिले में मेडिकल कॉलेज की जल्द खुशखबरी मिलेगी।

इस दौरान उन्होंने नगर के लिए एक इंडोर स्टेडियम की घोषणा भी की। नगर पालिका की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सांसद अनिल बलूनी के पहुंचने पर ममंद, कीर्तन मंडली, यूथ फिजिकल एकेडमी ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बीते बृहस्पतिवार को इस्राइल दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड की पहाड़ी टोपी पहनी थी जो उनके उत्तराखंड के प्रति स्नेह को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जनगणना में लोग अपने गांव में नाम चढ़वाएं और गांव में ही वोट करें। खाली पड़े गांवों में समय-समय पर आएं। कहा कि जनपद में आने वाले समय में कई विकास कार्य होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि तिरंगे से लोगों के दिलों में देशभक्ति का जज्बा बढ़ेगा। इस मौके पर उमा पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर और नगर की कीर्तन मंडली और ममंद ने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सांसद अनिल बलूनी ने ममंद और कीर्तन मंडली को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल बर्त्वाल, प्रदेश मंत्री सतीश लखेड़ा, पूर्व कबीना मंत्री राजेंद्र सिंह भंडारी, जिपं उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खत्री, टीका प्रसाद मैखुरी, अधिशासी अधिकारी नरेंद्र सिंह रावत, अनिल सिंह नेगी, नगर अध्यक्ष बृजेश बिष्ट, अधिवक्ता केपी सती, अरुण मैठाणी आदि मौजूद रहे।

# जनभावनाओं की अनदेखी लोकतंत्र के खिलाफ: आर्य

ऋषिकेश(आरएनएस)। रानीपोखरी में विधि विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों के आंदोलन को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं को नजर अंदाज कर फैसले थोपना लोकतंत्र के खिलाफ है। लिस्ट्राबाद रानीपोखरी में ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन में 11वें दिन नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य पहुंचे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश व डोईवाला क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए विधि विश्वविद्यालय अत्यंत आवश्यक है। यदि सरकार शिक्षा संस्थानों की भूमि का उद्देश्य बदलने का प्रयास करती है तो यह जनभावनाओं के साथ अन्याय होगा। कहा कि राष्ट्रीय विधि विवि वहीं बनाया जाना चाहिए, जहां पर इसका शिलान्यास किया गया था। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को वह विधानसभा सदन में और मुख्यमंत्री के समक्ष पूरी मजबूती के साथ उठाएंगे, ताकि सरकार अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे। डोईवाला ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, रानीपोखरी न्याय पंचायत प्रधान सुधीर रतूड़ी ने कहा किविश्वविद्यालय को शिलान्यास स्थल पर ही बनाए जाने की मांग दोहराई। मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मालती चौहान, नरेंद्र चौहान, ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी, पूर्व प्रधान सागर मनवाल, मोहित कपरूवान, लिस्ट्राबाद ग्राम प्रधान रमेश कुमार, ग्राम प्रधान अनूप चौहान, अनिल चौहान, क्षेत्र पंचायत सदस्य अरुण रावत, नितिन पंवार, पूर्व प्रधान इंदर पाल सिंह चौहान, पंकज यादव, राहुल सैनी, स्वतंत्र बिष्ट, विनोद रावत, नरेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे।

# अधिक बिल आने और झूलती लाइनों पर उपभोक्ताओं ने उठाए सवाल

नई टिहरी(आरएनएस)। नैनबाग और कैंपटी में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच उत्तरकाशी की पहल पर आयोजित शिविर में घरों के ऊपर बिजली के तार झूलने, खपत से अधिक बिल आने, मीटर खराब होने और समय पर बिल न मिलने की शिकायतें प्रमुखता से छाई रहीं। इस दौरान शिविर में मंच की ओर से उपभोक्ताओं को बिजली की सेवा, आपूर्ति और गुणवत्ता को लेकर जानकारी दी गई।

पंतवाड़ी निवासी उपभोक्ता त्रेपन सिंह ने शिकायत की कि उनका बिल काफी अधिक आ रहा है। पाब के प्रधान सुरेश सिंह कैंतुरा ने घरों के ऊपर विद्युत लाइन गुजरने से खतरा होने और खपत से अधिक बिल आने की शिकायत दर्ज कराई। गंभीर सिंह, लोकेंद्र उनियाल, धीरेंद्र पंवार, नीलम देवी, सूरत सिंह, अर्जुन सिंह आदि ने भी अधिक बिल आने की शिकायत दर्ज कराई। कैंपटी में किशन सिंह, जगत सिंह मल्ल ने सोलर रूप टॉप लगाने के छह माह से बिल न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। कमला देवी ने बिल में गलत नाम दर्ज होने, चरण सिंह ने नाम परिवर्तन, भरत सिंह नेगी ने मीटर खराब होने की शिकायत दर्ज कराई है। मंच ने मौके पर ही कई उपभोक्ता को जारी बिल को संशोधित कराया और उपभोक्ता को वास्तविक खपत का नया बिल निर्गत करने के निर्देश विभाग को दिए। शिविर में न्यायिक सदस्य प्रेम सिंह भंडारी, उपभोक्ता सदस्य संतोष भट्ट ने उपभोक्ताओं को विद्युत अधिनियम में विद्युत सेवा, गुणवत्ता को लेकर दिए गए प्रावधानों के बारे में अवगत कराया। मंच ने ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी अशोक कुमार, अवर अभियंता अतुल कुमार को उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने को कहा।

# जीबी पंत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में छात्रों ने किया प्रदर्शन

पौड़ी(आरएनएस)। जीबी पंत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (जीबीपीआईईटी) में लागू ग्रेडिंग सिस्टम की खामियों पर छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। प्रशासनिक भवन परिसर में एकत्र छात्र-छात्राओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप ग्रेडिंग प्रणाली लागू करने की मांग उठाई।

छात्रों का आरोप है कि उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय ने वर्ष 2022 में अंकों के स्थान पर ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया लेकिन यह राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं है। उनका कहना है कि 78 अंक पाने वाले छात्र को जहां राष्ट्रीय ग्रेडिंग में 8 सीजीपीए मिलना चाहिए, वहीं विवि की ओर से सात सीजीपीए दिया जा रहा है, जो गुणांक के बाद घटकर लगभग 6.5 रह जाता है। इसी तरह 74 अंक पर 7 सीजीपीए दिया जा रहा है, जो आगे घटकर 6.4 हो जाता है। कहा कि इससे वे प्लेसमेंट, गेट उत्तीर्ण करने के बाद राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश और भारत सरकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन से वंचित हो रहे हैं। उनका दावा है कि इस व्यवस्था से 10 से 15 प्रतिशत अंकों तक का नुकसान हो रहा है।

छात्राओं ने कहा कि ग्रेडिंग सिस्टम का सीधा असर उनके कॅरिअर पर पड़ रहा है जिससे मानसिक दबाव भी बढ़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अंक बढ़ाने की मांग नहीं कर रहे बल्कि राष्ट्रीय ग्रेडिंग प्रणाली के अनुरूप ग्रेड देने की मांग कर रहे हैं।

संस्थान के कंप्यूटर साइंस अंतिम वर्ष के छात्र लवेश भंडारी ने गेट परीक्षा में 22वां स्थान हासिल किया है। वहीं गौरव नेगी ने 547वां और अनमोल ने 458वां स्थान प्राप्त किया। बावजूद इसके, ग्रेडिंग सिस्टम के कारण उन्हें राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में प्रवेश में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के बाद संस्थान प्रशासन ने छात्रों से वार्ता की। प्रभारी निदेशक प्रो. केकेएस मेर ने कहा कि छात्रहित सर्वोपरि है और विवि प्रशासन के समक्ष यह मुद्दा पहले ही उठाया जा चुका है। होली पर्व के बाद संस्थान की एक समिति छात्रों के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन से वार्ता करेगी।

# बोर्ड बैठक में नहीं पहुंचे अधिकारी, सदस्यों ने जताया आक्रोश

पौड़ी(आरएनएस)। जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जंगली जानवरों की दहशत, सड़क, पानी, बिजली आदि की समस्याएं सदन में रखीं। सदस्यों ने बोर्ड बैठक में अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर आक्रोश जताया। वहीं, जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वास्थ्य, जल संस्थान व शिक्षा विभाग के अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव जारी किया। साथ ही बताया कि जल्द इन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेजे जाएंगे। जिला मुख्यालय पौड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। कालों सीट के जिपं सदस्य कर्मवीर भंडारी ने क्षेत्र में जंगली जानवरों की दहशत से सदन को रूबरू करवाया। कहा कि पाबौ, थलीसैंण व बीरोंखाल क्षेत्र में गुलदार, बाघ, भालू के अलावा बंदरों व लंगूरों ने उत्पात मचा रखा है। आए दिन जंगली जानवरों से लोग परेशान हैं। उन्होंने वन विभाग से समस्या का स्थायी समाधान की मांग उठाई। कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में सड़कों की दयनीय स्थिति बनीं हुई हैं। जबकि पाबौ के कई क्षेत्रों में पेयजल का संकट शुरू हो गया है। अध्यक्ष रचना बुटोला ने बताया कि बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव जारी किया गया है। साथ ही कारण बताओ नोटिस भी भेजा जाएगा। अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया।

# हाथी कॉरिडोर क्षेत्र से हटाया जाए टोल प्लाजा

ऋषिकेश(आरएनएस)। डोईवाला विधानसभा में स्थित लच्छीवाला टोल प्लाजा को हटाने की मांग अब दिल्ली तक पहुंच गई है। डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने दिल्ली में केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जनहित, सुरक्षा और पर्यावरण का हवाला देते हुए इस टोल बैरियर को तत्काल समाप्त करने का आग्रह किया। विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि डोईवाला विधानसभा के बीच लच्छीवाला टोल प्लाजा है। लच्छीवाला क्षेत्र हाथियों के प्राकृतिक आवागमन का कॉरिडोर है, जहां पहले भी कई बार हाथियों द्वारा राहगीरों पर जानलेवा हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कहा कि टोल प्लाजा के कारण वाहनों की आवाजाही और जाम की स्थिति बनती है, जिससे हाथियों के साथ मानव-वन्यजीव संघर्ष का जोखिम बढ़ जाता है। इससे न केवल यात्रियों की जान खतरे में पड़ती है, बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को भी भय के साए में रहना पड़ता है। उन्होंने टोल प्लाजा को सुरक्षित वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कहा कि इससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और हाथियों के संरक्षण के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

# तिमली सेरा में पत्थरों के चुगान का ग्रामीणों ने किया विरोध

नई टिहरी(आरएनएस)। हेंवल नदी के तिमली सेरा में निजी कंपनी द्वारा पत्थरों के चुगान का स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया है। मामले में उन्होंने डीएम नितिका खंडेलवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कहा कि सबसे पहले आपदा प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाए। हेंवलघाटी क्षेत्र के ग्रामीण पर्यावरणविद विजय जड़धारी और ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय मैठाणी के नेतृत्व में डीएम से मिले। उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि गाजियाबाद की एक निजी कंपनी हेंवल नदी के तिमली सेरा में पत्थरों का चुगान कर रही है। जो उचित नहीं है। कहा कि बीते सितंबर माह में आपदा के कारण तिमली सेरा में बहुत ज्यादा नुकसान हुआ। थान, कुमाली आदि गांव के कई लोगों के मकान, दुकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। खेत बह गए और सिंचाई नहरें, पेयजल लाइनें भी टूट गई थी। तब से छह का समय बीतने के बाद भी न तो सुरक्षा का कार्य हुआ और न हीं प्रभावितों को मुआवजा मिल पाया। डीएम को बताया कि आपदा से प्रभावित लोगों को तो अभी तक कुछ नहीं मिला। बाहरी कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए नदी में पत्थरों के चुगान की अनुमति मिल गई। उन्होंने कहा कि चुगान करने से पूर्व प्रभावितों की समस्याओं का समाधान किया जाए और स्थानीय लोगों के हितों को देखते हुए वैज्ञानिक तरीके से ही चुगान कराएं। अन्यथा ग्रामीण उग्र आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगे। डीएम ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया।

# बजट सत्र के लिए सभी थाना क्षेत्रों में व्यवस्थाएं करें दुरुस्त

चमोली(आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक सुरजीत पंवार ने भराड़ीसैंण में प्रस्तावित बजट सत्र के लिए सभी थाना क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही चारधाम यात्रा की भी तैयारियां समय पर पूरी करते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

एसपी ने कहा कि बजट सत्र को देखते हुए थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास कर लें। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पुलिस बल के लिए की जाने वाली व्यवस्था के साथ संवेदनशील व अति संवेदनशील क्षेत्रों में बैरिकेटिंग लगाने के लिए पूरी तैयारी कर ली जाए। एसपी ने चारधाम यात्रा को सफल और सुरक्षित संपन्न कराने के लिए व्यापक रणनीति बनाने पर जोर दिया। यात्रा रूट पर पड़ने वाली पुलिस चौकियों, चेक पोस्ट व बैरियर्स जो जीर्णशीर्ण हैं उनकी समय पर मरम्मत करवा लें।

उन्होंने नए पार्किंग स्थलों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। कहा कि हाईवे पर अनावश्यक रूप से पड़े मलबे को हटवाया जाए। एसपी ने होली को देखते हुए सभी थानों में पुख्ता तैयारी रखने, बाजारों सहित संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखने को कहा। विगत माह ड्यूटी के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

गोष्ठी में पुलिस उपाधीक्षक चमोली मदन सिंह बिष्ट, पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग त्रिवेंद्र सिंह राणा सहित सभी थाना प्रभारी, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

एसपी ने पुलिस मुख्यालय से प्राप्त फीडबैक के आधार पर जिले में संचालित सायंकालीन चेकिंग अभियानों की गहनता से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अपेक्षित रिकवरी न होने पर एसपी ने असंतोष जताया। उन्होंने चेकिंग अभियान की गुणवत्ता में सुधार लाने और वास्तविक परिणाम लाने के निर्देश दिए। सत्यापन अभियान को लेकर एसपी ने कहा कि अभियान सिर्फ कागजी औपचारिकता न रहे, प्रपत्रों की मौके पर जांच व क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाए। लापरवाही और सिर्फ औपचारिकता निभाने वाले अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।



# जगजीतपुर व्यापार मंडल शपथ ग्रहण समारोह एवं होली मिलन महोत्सव सम्पन्न

संवाददाता

हरिद्वार। जगजीत पुर व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही होली मिलन महोत्सव सम्पन्न हुआ। आज यहां जगजीतपुर में नवगठित जगजीतपुर व्यापार मंडल द्वारा शीतला बैंक्वेट हॉल, लक्सर रोड में होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, जिला हरिद्वार के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। मंडल के अध्यक्ष अर्क शर्मा, महामंत्री शुभम वालिया पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जगजीतपुर,कोषाध्यक्ष रोहन वालिया, उपाध्यक्ष आकाश वालिया एवं सचिव अर्जुन सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों ने व्यापारी हितों की रक्षा एवं क्षेत्र के व्यापारिक विकास हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारियों एवं समाजसेवियों को व्यापार मंडल की सदस्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में पार्षद राजा गार्डन सुमित त्यागी की विशेष उपस्थिति रही। अंत में सभी अतिथियों एवं व्यापारियों ने व्यापारी एकता को सुदृढ़ करने तथा क्षेत्र के समग्र विकास हेतु संगठित रूप से कार्य करने का विश्वास व्यक्त किया इस अवसर पर संदीप वालिया,लोकेश मेहंदी रत्ता,राजकुमार गुप्ता, दिनेश वालिया, विधु वालिया, सुरेंद्र चौधरी, रामकुमार राजपूत, आलोक पाठक, रमेश मिश्रा, सौरभ वालिया, मधुरमोहन शर्मा, नितिन आहलूवालिया, सचिन अत्रये, गुंजन विश्नोई, एस के मिश्रा, रवि वालिया आदि, क्षेत्र के सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# हत्या के प्रयास में फरार चल रहे दो सगे भाई गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। भाई की हत्या के प्रयास में फरार चल रहे दो सगे भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार भाई के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला करने के सम्बन्ध में इमरान निवासी नरोजपुर लक्सर द्वारा बीती 20 फरवरी को कोतवाली लक्सर में तहरीर दी गयी थी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीमो द्वारा लगातार दबिशें की जा रही थी लेकिन आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर थे। जिन्हे पुलिस ने एक सूचना के बाद बीती रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के नाम सावेज पुत्र मुज्जमिल व सुल्तान पुत्र मुज्जमिल निवासी नरोजपुर कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताये जा रहे है। जिन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## लघु व्यापारियों ने फूलों की वर्षा कर होली... ◀◀ पृष्ठ 2 का शेष

की रक्षा के लिए संकल्पित भी हुए। इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा होली बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है सभी साथियों को एकजुट होकर पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आकर अपने- अपने क्षेत्रों में होलिका दहन के दौरान हरे पेड़ों की कटाई ना हो इसका विशेष ख्याल रखना होगा। उन्होंने कहा होली के त्योहार में शुद्ध पेयजल की बरबादी ना हो इसके लिए भी आम लोगो को जागरूक होकर जल बचाने के लिए स्वयं आगे आना होगा। होली मिलन समारोह में अपने विचार व्यक्त करते ओमप्रकाश कालियान, मनोज कुमार, सोनू, प्रभात चौधरी, वीरेंद्र कुमार, अशोक शर्मा, सचिन राजपूत, श्यामजीत गोलू, चंदन रावत, महेंद्र सैनी, विवेक, जय सिंह बिष्ट, सचिन, सुमन गुप्ता, आशा देवी, सुनीता चौहान, मंजू पाल, सुमित्रा, पुष्पा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## होली मिलन समारोह उत्साह व लोक... ◀◀ पृष्ठ 2 का शेष

दूरियां मिटाने का अवसर है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने वाला बताया। कार्यक्रम संयोजक व प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर ने कहा कि कैंट विधानसभा में इस प्रकार का सांस्कृतिक समागम क्षेत्र की एकजुटता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि हमारी लोक संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं, और ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन गुरचरण कौशल ने किया और कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, संयोजक अभिनव थापर, राष्ट्रीय संचार सचिव वैभव वालिया, सूर्यकांत धस्माना, संजय शर्मा, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, चरनजीत कौशल, संगीता गुप्ता, पिया थापा, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मोहित मेहता, अमृता कौशल, मोहन काला, स्वाति नेगी, दिनेन्द्र जोशी, व अनेक पार्षद, पूर्व पार्षद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री की 7 मार्च को प्रस्तावित हरिद्वार भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगामी 7 मार्च को प्रस्तावित हरिद्वार भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाएँ, ताकि भ्रमण के दौरान सुरक्षा, यातायात, जनसुविधाओं तथा समन्वय से संबंधित सभी व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से संचालित हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी है, ऐसे में कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने, यातायात प्रबंधन के लिए प्रभावी योजना बनाने, पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा संबंधित विभागों के मध्य समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम स्थलों पर स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा।

बैठक में गढ़वाल मंडल आयुक्त श्री विनय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी हरिद्वार श्री मयूर दीक्षित, जिलाधिकारी देहरादून श्री सविन बंसल, अपर सचिव श्री बंशीधर तिवारी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कार्यक्रम की तैयारियों की प्रगति से अवगत कराया तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की प्रत्येक व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए, ताकि केन्द्रीय गृह मंत्री का हरिद्वार भ्रमण सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

## मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने फैक्ट्री के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुरूक्षेत्र हरियाणा निवासी हर्ष कुमार ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह यहां इंडस्ट्री एरिया में आया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल एक फैक्ट्री की पार्किंग में खडी की थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## तिनका दम्पत्ति पर 42 लाख रूपये की ठगी का मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। नगर निगम की भूमि दिखाकर 42 लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने पार्षद नीतू बाल्मीकि व शातिर ठग राकेश बाल्मीकि उर्फ तिनका पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोगीवाला निवासी पर्व वालिया ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि ऋषिनगर सहस्त्रधारा रोड निवासी शातिर ठग राकेश बाल्मीकि उर्फ तिनका व उसकी पत्नी पार्षद नीतू बाल्मीकि ने उसको नगर निगम की जमीन दिखाकर उसको स्वंय की बताकर उससे उक्त जमीन का सौदा किया। जिसके बदले में उसने बयाने के तौर पर उनको 42 लाख रूपये दे दिये। बाद में उसको पता चला कि जिस जमीन को वह स्वंय की बता रहे थे वह जमीन नगर निगम की है। जिसके बाद उसको पता चला कि उक्त पति पत्नी ने उसके साथ धोखाधडी कर उससे रूपये ठग लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# गंगा नगर में होली के पावन पर्व पर उमड़ा श्रद्धा और उल्लास का सैलाब

संवाददाता




ऋषिकेश। रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर तीर्थनगरी ऋषिकेश के गंगा नगर में भक्ति और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला।

आज यहां रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर तीर्थनगरी ऋषिकेश के गंगा नगर में भक्ति और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्थानीय पार्षद श्रीमती संध्या बिष्ट गोयल एवं सामाजिक कार्यकर्ता एकांत गोयल द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में नाट्य संस्था द्वारा राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों ने क्षेत्रवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने जनता को बधाई देते हुए कहा कि होली का यह पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम की राह पर चलने का संदेश देता है। वहीं, क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण ही समाज की असली शक्ति है, जिसे ऐसे आयोजनों के माध्यम से बल मिलता है। नगर निगम के मेयर शंभू पासवान ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह त्योहार बुराई पर सच्चाई की जीत का प्रतीक है।

कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण के स्वरूपों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। आयोजक संध्या बिष्ट गोयल और एकांत गोयल ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी के जीवन में सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर समाजसेवी एकांत गोयल, हनुमंत पुरम के अध्यक्ष के के सचदेवा महामंत्री अतुल गुप्ता, विशाल कक्कड, अतुल पुंज, योगेश ब्रेजा, प्रवीण रावत, अजय ब्रेजा, राजेश त्यागी, विवेक भल्ला, नीरज अग्रवाल, राजेश राजभर, अनिल कुमार, पंकज शर्मा मुख्य रूप से एवं सैकड़ो महिलाएं ,पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में स्वादिष्ट व्यंजन व खानपान का भी लोगों ने खूब लुफ्त उठाया। कार्यक्रम के अंत में भगवान कृष्ण के द्वारा कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल विधायक प्रेमचंद अग्रवाल व मेयर शंभू पासवान सहित लोगों ने जमकर फूलों की होली खेली। गंगानगर की पार्षद संध्या बिष्ट गोयल ने सभी लोगों को चंदन का टीका लगाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में नाट्य संस्था द्वारा कार्यक्रमों की धूम मचा रखी थी जो सभी लोगों ने सराहा। कार्यक्रम का सफल संचालन एकांत गोयल ने किया।

# पुलिस मुठभेड में बदमाश गिरफ्तार

## ❑पुलिसकर्मियों पर हमला कर फरार हुआ था आरोपी

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। पुलिस टीम पर हमले के मामले में फरार चल रहे शातिर बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से एक तमंचा, चार कारतूस, हजारों की नगदी व बाइक बरामद की गयी है। आरोपी बदमाश पुलिस अभिरक्षा में उपचाराधीन है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि बीती रात एएनटीएफ ऊधमसिंह नगर व एसओजी रुद्रपुर की संयुक्त टीम सूचना मिली कि सुभाष कॉलोनी में पूर्व में पुलिस टीम पर पथराव एवं जानलेवा हमला करने वाला व एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी नदीम उर्फ नजीम उर्फ नाजिम पुत्र कल्लू निवासी सुभाष कॉलोनी, रुद्रपुर बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल से सिडकुल की ओर से हल्द्वानी जा रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एएनटीएफ व एसओजी टीम द्वारा पारले चौक, निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास घेराबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चला दिया गया। इस दौरान टीम को बागवाला/बिन्दुखेड़ा बाईपास की ओर से बाइक सवार एक संदिग्ध आता हुआ



दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो बाइक सवार बाइक मोड़कर भागने लगा। जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर गया। गिरने के पश्चात आरोपी द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। जिस पर पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही की गयी।

जवाबी कार्रवाई के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी। तत्पश्चात पुलिस बल द्वारा सावधानीपूर्वक घेराबंदी कर आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से एक तमंचा, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, 4100 की नगदी व बाइक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी द्वारा स्वीकार किया गया कि वह मादक पदार्थो की तस्करी में संलिप्त है तथा पूर्व में पुलिस टीम पर हमला कर फरार चल रहा था। घायल आरोपी को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराते हुए जिला चिकित्सालय रुद्रपुर में भर्ती कराया गया है, जहां वह पुलिस अभिरक्षा में उपचाराधीन है।

# राजनीति में आने वाला है बड़ा 'भूचाल'

**●2027 में होने हैं उत्तराखंड, उप्र, पंजाब, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव**

**●राष्ट्रपति का कार्यकाल समाप्त होने पर 2027 में नए राष्ट्रपति का भी होना है चुनाव**

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। वर्ष 2027 राजनीतिक दृष्टि से कई मायनों में खास रहने वाला है। देश के सात राज्यों में विधानसभा चुनाव के साथ ही देश में राष्ट्रपति का भी चुनाव होना है। चुनाव से पहले देश में आम आदमी पार्टी को मिली 'संजीवनी' राजनीति में बडे़ 'भूचाल' आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि जिस तरह से दिल्ली की एक अदालत ने आप पार्टी के नेताओं को एक बहुचर्चित मुकदमे से बरी कर दिया गया। राजनीति के विशेषज्ञ आप पार्टी के नेताओं के बरी होने को एक बड़े 'तूफान' आने के संकेत के रूप में देख रहे हैं।

आगामी वर्ष 2027 में सात राज्यों में विधानसभा चुनाव और देश के राष्ट्रपति का चुनाव होना है। विधानसभा चुनाव से पहले की राजनीतिक में भूचाल आ गया है। राजनीतिक विशेषज्ञों इसके पीछे लंबे समय से शांत और कानून के शिकंजे में जकड़े आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरिवाल को मानते है। राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि आप पार्टी फिर से सक्रिय होकर खासकर भाजपा को नुकसान पहुंचाने के लिए हर जोड़-तोड़ का सहारा लेंगे। इस बात के संकेत वह कोर्ट के फैसले के बाद अपनी पत्रकार वार्ता में दे चुके हैं। हालांकि अभी कोर्ट के फैसले के बाद सीबीआई चुप नहीं बैठी है, लेकिन आप पार्टी के नेताओं के पक्ष में जो जज ने टिप्पणी करते हुए फैसला दिया। यह आप पार्टी के लिए संजीवनी का काम करेगा और पार्टी इसका पूरा फायदा लेगी। हालांकि अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

राजनीतिक विशेषज्ञों मानते हैं कि चुनाव की चौखट पर खड़ी पार्टियों के सामने जनता का भरोसा जीतना सबसे बड़ी चुनौती है, लेकिन जमीनी सच्चाई को देखते हुए कईई जनप्रतिनिधियों का ब्लड प्रेशर बढ़ने से उनमें असंतोष भी उभरा है। चुनाव से पहले सत्ताधारी दलों में चिंता बढ़ाने वाली घंटियां बज रही हैं। उत्तराखंड, उप्र, पंजाब, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव चुनाव होना है और वर्तमान राष्ट्रपति का कार्यकाल समाप्त होने पर 2027 में नए राष्ट्रपति का चुनाव होगा है और आप पार्टी की धमक इस बार कोई तूफान अवश्य खड़ा करेगी ऐसा राजनीतिज्ञ विशेषज्ञ मान रहे हैं।

# गंगनहर किनारे नवजात का भ्रूण मिलने से सनसनी

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। गंगनहर किनारे एक नवजात का भ्रूण मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर भ्रूण को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गयी। जानकारी के अनुसार रुड़की रोड स्थित नए पुल के पास गंगनहर के किनारे कपड़े में लिपटा भ्रूण पड़ा मिला। राहगीरों की नजर पड़ने पर घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की सिविल अस्पताल भिजवा दिया। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इस अमानवीय कृत्य पर दुख और रोष व्यक्त किया। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि गंगनहर किनारे एक नवजात का भ्रूण मिला है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि भ्रूण को वहां छोड़ने वाले व्यक्ति की पहचान की जा सके।

# सामुदायिक पुस्तकालय के तीन विद्यार्थी बने पुलिस कांस्टेबल

संवाददाता

मुनस्यारी। सामुदायिक पुस्तकालय में अध्ययनरत तीन विद्यार्थी उत्तराखंड पुलिस में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हो गए है। इस सफलता पर पुस्तकालय सहित सीमांत क्षेत्र में खुशी की लहर है। होली के बाद तीनों युवको को पुस्तकालय में सम्मानित किया जाएगा।

आज यहां सामुदायिक पुस्तकालय ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में एक नहीं तीन उपलब्धि हासिल की। मेडिकल होने के बाद पुस्तकालय में अध्ययनरत तीन विद्यार्थी उत्तराखंड पुलिस में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हो गए है। इस सफलता पर पुस्तकालय सहित सीमांत क्षेत्र में खुशी की लहर है। होली के बाद तीनों युवको को पुस्तकालय में सम्मानित किया जाएगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह मर्तोलिया ने अपनी जिला पंचायत की निधि से मुनस्यारी सहित 10 स्थानों में 49 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक पुस्तकालय की स्थापना के लिए फर्नीचर तथा कम्पटीशन की पुस्तके उपलब्ध कराई। स्थानीय सामुदायिक पुस्तकालय में अध्ययनरत ग्राम पंचायत कुलथम निवासी जगदीश सिंह बघरी पुत्र महेंद्र सिंह, शांति देवी ग्राम पंचायत गिनी निवासी हरीश सिंह राणा पुत्र लाल सिंह राणा, तिलगा देवी ग्राम पंचायत दूनामानी निवासी नकुल सिंह भण्डारी पुत्र दुर्गा सिंह, बसंती देवी उत्तराखंड पुलिस के कांस्टेबल पद पर भर्ती हो गए है। इन तीनों युवको ने सामुदायिक पुस्तकालय में नियमित रूप से अध्ययन किया। एक वर्ष पूर्व खुले इस पुस्तकालय के परिणाम भी अब सामने आने लगे है। तीनों युवा पहले अध्ययनरत विद्यार्थी है, जिन्होंने पुस्तकालय में अध्ययन करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण कर सीधे भर्ती होने में सफलता प्राप्त की है। सामुदायिक पुस्तकालय अवधारणा के जनक सोसायटी फॉर एक्सन इन हिमालया के अध्यक्ष जगत सिंह मर्तोलिया ने कहा कि आज पुस्तकालय के लिए सुखद क्षण है। उन्होंने कहा अप्रैल तक हमारे दस के दस पुस्तकालय खुल जाएंगे। उन्होने कहा कि सीमांत क्षेत्र के नौजवानों के लिए सरकारी रोजगार तथा स्वरोजगार के क्षेत्र में पुस्तकालय में विभिन्न गतिविधियां होती है। उन्होंने कहा कि यह एक जीवंत पुस्तकालय है। जिसे शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का केंद्र बनाया जा रहा है।

# 1082 लीटर कच्ची शराब सहित 47 तस्कर गिरफ्तार, 7 वाहन सीज

हमारे संवाददाता

ऊधमसिंह नगर। एसएसपी अजय गणपति द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को कच्ची शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 1 सप्ताह का विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा व्यापक कार्रवाई की गई। पुलिस ने जहां अलग-अलग क्षेत्रों से 1082 लीटर कच्ची शराब सहित 47 तस्करों को गिरफ्तार कर 7 वाहन सीज किये है। वहीं 35 भट्टियां जमींदोज कर 88 हजार लाहन नष्ट कर दिया है।

जानकारी के अनुसार जसपुर थाना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर 43 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। थाना कुंडा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 120 लीटर कच्ची शराब बरामद कर तस्करी में प्रयुक्त एक वाहन सीज किया गया है। काशीपुर पुलिस द्वारा एक शराब की भट्टी जमींदोज कर 1000 लीटर लहन नष्ट किया गया है। आईटीआई पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर 38 लीटर कच्ची शराब बरामद की है साथ ही 4 भट्टियां जमींदोज कर 8000 लीटर लहन नष्ट किया गया है। बाजपुर पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार कर 48 लीटर शराब बरामद कर 4 भट्टिया जमींदोज कर 10 हजार लीटर लहन नष्ट किया गया है। इसके अतिरिक्त केलाखेड़ा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 46 लीटर शराब बरामद की है। गदरपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 55 लीटर शराब बरामद की गयी है साथ ही अवैध भट्टियां जमींदोज कर 15,000 लीटर लाहन नष्ट करते हुए एक बाइक बरामद की गयी है। दिनेशपुर पुलिस ने 15 लीटर शराब बरामद कर एक बाइक जब्त की है। ट्रांजिट कैंप पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर 20 लीटर शराब बरामद की है। रुद्रपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी है। साथ ही 4 अवैध भट्टियां जमींदोज कर 5000 लीटर लाहन नष्ट किया गया है। किच्छा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी है। वहीं 6 भट्टियों को जमींदोज कर 12 हजार लीटर लहन नष्ट किया गया है। पुलभट्टा पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर 33 लीटर शराब बरामद की गयी है। सितारगंज पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार कर 115 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 1 वाहन सीज किया गया है। नानकमत्ता पुलिस द्वारा 6 भट्टियों को जमींदोज कर 10 हजार लीटर लहन नष्ट कर किया गया है साथ ही एक बाइक बरामद की गयी है। खटीमा पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर 68 लीटर शराब बरामद की है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, *एडवोकेट*
बैजनाथ, *एडवोकेट*

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*